प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

29 सितंबर 2023

भारतीय रिज़र्व बैंक के उप गवर्नर श्री स्वामीनाथन जे की अध्यक्षता में एमएसएमई को ऋण प्रवाह की समीक्षा के लिए स्थायी सलाहकार समिति की 28वीं बैठक

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को ऋण के प्रवाह की समीक्षा करने के लिए स्थायी सलाहकार समिति (एसएसी) की 28वीं बैठक 29 सितंबर 2023 को लखनऊ में भारतीय रिज़र्व बैंक के उप गवर्नर श्री स्वामीनाथन जे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में एमएसएमई मंत्रालय और वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियो; अध्यक्ष, सिडबी, कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, प्रमुख बैंकों और नाबार्ड के वरिष्ठ प्रबंधन, सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी निधि ट्रस्ट, नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, भारतीय बैंक संघ और एमएसएमई संघों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

उप गवर्नर ने अपने मुख्य भाषण में, विशेषकर 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था का दर्जा प्राप्त करने के लक्ष्य के संदर्भ में, एमएसएमई क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने एमएसएमई की पूर्ण क्षमता को अनलॉक करने के लिए सभी हितधारकों की ओर से सहयोगात्मक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। उप गवर्नर ने अकाउंट एग्रीगेटर (एए) फ्रेमवर्क, बाधा रहित ऋण वितरण को सक्षम करने के लिए डिजिटल पब्लिक टेक प्लेटफॉर्म और एमएसएमई ऋण पर विनियामक सैंडबॉक्स जैसे रिज़र्व बैंक के विभिन्न पहलों पर प्रकाश डाला। उन्होंने एमएसएमई के बीच सूचना प्रसार और क्षमता संवर्धन में उद्योग संघों की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी चर्चा की।

बैठक के दौरान, एसएसी ने एमएसएमई को ऋण के प्रवाह की समीक्षा की और अन्य मुद्दों के साथ-साथ क्षेत्र के लिए ऋण अंतर का आकलन करने और उसे पाटने, बेहतर क्रेडिट लिंकेज के लिए डिजिटल समाधान तलाशने, ट्रेड्स को अपनाने में तेजी लाने, महिला उद्यमियों को ऋण सहायता, तनावग्रस्त एमएसएमई का पुनरुद्धार और पुनर्वास और तथा क्रेडिट गारंटी योजनाएं से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

(योगेश दयाल)

मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/1024